# University in News on 13 December 2021

## JAGRAN CITY PAGE I & III

### लवि : जल्द शुरू होंगे डीलिट कोर्स में दाखिले

लखनऊ विश्वविद्यालय में करीब 10 साल बाद अब डीलिट (डाक्टर आफ लिट्रेचर) की पढ़ाई शुरू होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किए गए नए आर्डिनेंस को मंजूरी भी मिल चुकी है। इसी सप्ताह दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है विश्वविद्यालय में वर्ष 2011 में डीलिट पाठ्यक्रम में दाखिले बंद कर दिए गए थे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बीते दिनों डीलिट में दाखिले के संबंध में एक समिति का गठन किया था। इसमें अधिष्ठाता (डीन) प्रवेश प्रो. वीके शर्मा सहित कई अन्य सदस्य शामिल हैं। प्रो. शर्मा ने बताया कि हमारी कोशिश है कि इसी सप्ताह से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। कोर्स में आवेदन शुल्क और प्रति सेमेस्टर फीस कितनी होगी, इसका प्रस्ताव तैयार करके कुलपति के पास भेजा है। वहां से अनुमति मिलने के बाद आनलाइन आवेदन के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। डीलिट पाठ्यक्रम कम से कम एक साल और अधिकतम दो साल का होगा। डीन एडमिशन प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि डीलिट में आवेदन के लिए अभ्यर्थी के पास पीएचडी की अर्हता के साथ-साथ 10 साल पढ़ाने (टीचिंग) का अनुभव होना अनिवार्य होगा। आवेदन के नोटिफिकेशन विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in पर जल्द ही जारी किया जाएगा। इसमें पात्रता का पूरा विवरण अभ्यर्थी देख सकेंगे।

### लवि की पूर्व छात्रा को यूपीएससी में 6वीं रैंक

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी एप्लाइड जियोलाजी की पूर्व छात्रा आलिया बानो ने यूपीएससी कंबाइंड जियो साइंटिस्ट परीक्षा 2021 में आल इंडिया 6वीं रैंक हासिल की है। आलिया बानो लखनऊ विश्वविद्यालय में एमएससी इन एप्लाइड जियोलाजी के पहले बैच (2019) की छात्रा रही हैं। उन्हें पहली बार में ही सफलता मिली है। उनका चयन केंद्रीय भूजल बोर्ड में जियो साइंटिस्ट के पद पर हुआ है।



आलिया बानो ●स्वयं

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5



### लविवि : पूर्व छात्रा को देश में छठा स्थान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी (इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रो कार्बन एनर्जी एंड जियोसोर्सेज) के पहले 2019 बैच की छात्रा आलिया बानो ने हाल में जारी जियो साइंटिस्ट परीक्षा में ऑल इंडिया छठी रैंक हासिल की है। आलिया ने इससे पहले सीएसआईआर, नेट व गेट भी अच्छी रैंक से क्वालीफाई किया है। आलिया ने कहा कि वह नवरत्न कंपनी में जॉब करके अपने देश के लिए कुछ अच्छा करना चाहती है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## i-NEXT PAGE 4

### एलयू के नाम एक बड़ी उपलब्धि

लखनऊ यूनिवर्सिटी से एमएससी एप्लाइड जियोलाजी की पूर्व छात्रा आलिया बानो ने यूपीएससी कंबाइंड जियो साइंटिस्ट परीक्षा 2021 में ऑल इंडिया 6वीं रैंक हासिल की है. आलिया यूनिवर्सिटी के ओएनजीसी सेंटर में संचालित इंस्टीट्यूट आफ हायड्रोकार्बन एनर्जी एंड जियो रिसोर्सेज में संचालित एमएससी इन एप्लाइड जियोलाजी के पहले बैच (2019) की छात्रा रही हैं.

## THE PIONEER PAGE 4

### Nod to promotion of teachers

Lucknow (PNS): The executive council of Lucknow University, under Vice-Chancellor AK Rai, approved the promotion of teachers from 11 departments under the Career Advancement Scheme (CAS) late Saturday evening. It was the biggest promotion drive within the university under the CAS in the last five years. Pravish Prakash was promoted as assistant professor stage-3 (assistant librarian), Amita Sonkar as associate professor (Western History), Archana Shukla as associate professor (Psychology), Raghavendra Pratap Singh as professor (Political Science), Durgesh Kumar Srivastava as associate professor (AIH), Keya Pandey as associate professor (Anthropology), Rakesh Dwivedi & Rupesh Kumar as professors (Social Work); RB Singh, Atul Srivastava, Jyotsana Singh, Mahendra Kumar, Daya Shanker, Asheesh Awasthi, Puneet Kumar, Chandkiram Gautam & Amarendra Singh as associate professors (Physics); Krishna Ji Srivastava, Ravi Kant & Rahul Pandey as associate professors (Hindi); Meenakshi Pahwa, Shiv Govind Puri & Fatima Rizvi as professors; and Mohd Tariq & HN Prasad as associate professors.

In the cadre position appointments, the appointment of three professors and three associate professors was also approved in the department of Physics. An appointment on one position of assistant professor in the self-financed programme of Pharmaceutical Chemistry was also approved.

## AMRIT VICHAR PAGE 5

### पीएचडी छात्राओं को मिलेंगे पांच हजार प्रति माह

लखनऊ। लविवि ने पहली बार प्रतिभाशाली पीएचडी छात्राओं को छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया है। इसके लिए शोधार्थियों ने 30 नवंबर तक आवेदन लिए गए थे। डीएसडब्लू प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि 144 आवेदन आए हैं। चयन के लिए कुलपति ने कमेटी का अनुमोदन दे दिया है। जल्द ही प्रक्रिया पूरी करते हुए फाइनल सूची जारी की जाएगी। चयनित छात्राओं को प्रति माह पांच हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### एमएड में प्रवेश का मौका 15 तक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमएड की खाली सीटों पर सीधे प्रवेश का मौका दे दिया है। अब इन सीटों को सीधे प्रवेश के माध्यम से भरने के लिए 15 दिसंबर तक मौका है। इसमें वही अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जो विश्वविद्यालय की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए हों और न्यूनतम शैक्षिक योग्यता पूरी करते हैं। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय सहित करीब 16 महाविद्यालयों में एमएड पाठ्यक्रम संचालित है। शैक्षिक सत्र 2021-22 में इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय ने सितंबर में प्रवेश परीक्षा आयोजित की थी। उसके बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया हुई। तीन बार आवंटन एवं अपग्रेडेशन किया जा चुका है।

### लविवि ने नैक में आवेदन के बाद शुरू की तैयारियां

अमृत विचार, लखनऊ

**सजगता**

- पिछली बार के कारणों को ध्यान में रखते हुए शुरू हुईं तैयारियां
- दो दिन पहले विश्वविद्यालय ने भेजा था आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने नैक मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के बाद अब अपनी भी तैयारियां शुरू कर दी है। विवि की ओर से इस बार उन बिंदुओं का भी परीक्षण किया जा रहा है जिनकी वजह से पिछली बार नैक से ए ग्रेड नहीं मिल पाया था।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि नैक मूल्यांकन के दौरान कोई कमी न रहे इसके लिए विश्वविद्यालय जल्द शिक्षकों की समस्याओं का भी समाधान करने में जुटा हुआ है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में पढाई और लैब के साथ—साथ डिजिटल व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के लिए फोकस किया जा रहा है। हालांकि शिक्षक अपनी मांगों को लेकर लगातार आक्रोशित हैं। बता दें कि विवि ने गुरुवार को नैक मूल्यांकन के लिए आवेदन भेजा था। लविवि प्रशासन को उम्मीद भी है कि इस बार 'ए' ग्रेड उसके खाते में आ जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय समेत पूरा प्रशासन महीनों से इसकी तैयारियों में जुटा हुआ था।

### कर्मयोगी योजना पढ़ाई का रास्ता करेगी आसान

**छात्रवृत्ति योजना**

- इस योजना के लिए 22 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन
- अभी तक 170 विद्यार्थियों ने किया है आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक सत्र 2021-22 में छात्र कल्याण छात्रवृत्ति और कर्मयोगी योजना छात्रों के लिए आगे की पढ़ाई का रास्ता आसान करेगी। इसके लिए चल रही आवेदन प्रक्रिया में अभी 170 छात्रों ने आवेदन किया है। जो छात्र आवेदन नहीं कर सकें हैं उनके पास आवेदन का मौका 22 दिसंबर तक है।



"जो छात्र आर्थिक रूप से कमजोर हैं, और पढ़ने में ठीक हैं उनकी पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुई कर्मयोगी छात्रवृत्ति योजना काफी सहायक होगी।
-प्रो. पूनम टंडन, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण"

इस योजना के तहत छात्रों को पढ़ाई के साथ—साथ विद्यालयों के विभागो में ही दो से तीन घंटे का कार्य दिया जायेगा, इसके लिए छात्रों को मेहनताना के रूप में 300 रुपए दिए जायेंगे।

**ये छात्र कर सकते हैं आवेदन**

आवेदन के लिए विद्यार्थी के परिवार की सालाना आय अधिकतम तीन लाख रुपये होनी चाहिए। कोई अन्य छात्रवृत्ति न मिल रही हो। साथ ही अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होनी चाहिए। परीक्षा में बैक नहीं होनी चाहिए। चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा। इसके अलावा छात्र कल्याण में चयनित छात्र को प्रति वर्ष 15 हजार रुपये दिए जाएंगे।

योजना के लिए पात्र छात्र लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in से फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। छात्रों को ये फॉर्म भरकर विभागाध्यक्ष एवं डीन से सत्यापित कराने के बाद अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्लू) कार्यालय में जमा करना होगा।

**पिछले साल शुरू हुई थीं दोनों छात्रवृत्ति:** विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर आलोक राय की पहल पर पिछले साल से दो नई छात्रवृत्ति शुरू की गयी थीं। अब नए सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई। लेकिन कोरोना के चलते अधिकांश छात्र इस योजना का लाभ नहीं ले पाये थे। इस बार छात्रों को योजना का लाभ मिले इसके लिए पहल की जा रही हैं। इस योजना से उन विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इससे उनकी पढ़ाई में मदद मिलेगी।